हिन्दी प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी चंडीगढ़
(तिथि 26 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत के लोकतंत्र की व्यापकता गुरूओं की शिक्षा, साहिबजादों के बलिदान और देश की एकता के मूल मंत्र पर आधारित है। आज नई दिल्ली में भारत मंडपम में वीर बाल दिवस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि गुरूओं की परंपरा ने हमें सबको समान आदर के साथ देखने की शिक्षा दी है और देश का संविधान भी हमें इसी विचार के लिए प्रेरित करता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वीर साहिबजादों का जीवन हमें सिखाता है कि देश की अखंडता और विचारधारा के साथ कोई समझौता नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि संविधान लोगों को देश की संप्रभुता और एकता को सबसे ऊपर रखने के सिद्धांत की सीख देता है। प्रधानमंत्री ने कहा साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह बहुत छोटे थे मगर उनका साहस आकाश से भी ऊंचा था। उन्होंने कहा कि आज वीर बाल दिवस हमें सिखाता है कि कोई भी परिस्थिति कितनी भी कठिन क्यों ना हो देश और उसके हितों से बड़ी नहीं हो सकती।

****

हरियाणा में आज वीर बाल दिवस व्यापक स्तर पर मनाया जा रहा है।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों की शहादत की याद में 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी।आज प्रदेश भर में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर गुरु गोबिन्द सिंह जी के वीर बालकों को याद किया जा रहा है।

कुरुक्षेत्र से हमारी संवाददाता ने बताया है कि गुरद्वारा छठी पातशाही में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,बी जे पी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली और थानेसर से पूर्व विधायक सुभाष सुधा ने गुरुद्वारा छठी पातशाही में शीश निवाया और कीर्तन सुना ।

वीर बाल दिवस पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आज राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन किया गया । समारोह में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के तौर पर शामिल हुए। कार्यक्रम में सिख संगत भी शिरकत की । कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, हरियाणा सिख गुरद्वारा प्रबंधक समिति के प्रधान भूपेन्द्र सिंह असंध और धर्म प्रचारक बलजीत सिंह दादुवाल भी मुख्यमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में शामिल हुए।इस दौरान नन्हे साहिबजादों की वीरता और साहस को याद किया गया।समारोह का मुख्य उद्देश्य आज के युवाओं व भावी पीढ़ियों को साहिबजादों की कुर्बानी के बारे में अवगत करवाना था।पानीपत व नया जिलों में भी में साहिबजादों की याद में सभी गुरद्वारों व समाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा लंगर लगाए जाने के समाचार मिले हैं।

****

वीर बाल दिवस पर आज कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में लोक सम्पर्क विभाग द्वारा गुरु गोविंद सिंह जी के साहिबजादों की अद्वितीय शहादत की याद में एक प्रदर्शनी लगाई गई है ।प्रदर्शनी के माध्यम से गुरु गोबिद सिंह जी के साहिबजादों के अद्वितीय बलिदान और सिख इतिहास को दर्शाया गया।लोगों विशेष कर सिख श्रद्धालुओं ने बड़ी सख्या में विश्वविद्यालय पहुँच कर इस प्रदर्शनी को देखा।हमारी संवाददाता ने प्रदर्शनी देखने आए कुछ श्रद्धालुओं से बातचीत की।

एक युवा सिख श्रद्धालु ने कहा -

लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य युवा पीढ़ी को सिख इतिहास से अवगत करवाना है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कल सुशासन दिवस पर व्यापारियों और कर-दाताओं की सुविधा के लिए रेवाड़ी में कर-भवन तथा सभी 27 वस्तु एवं सेवा कर कार्यालयों में सुविधा केंद्रों का शुभारंभ किया। रेवाड़ी में 4 हजार 571 वर्ग मीटर क्षेत्र में बने कर-भवन के निर्माण पर 29 करोड़ रुपये की लागत आई है।

****